से जितने व्यक्ति आहत हुये उनके माल असबाब का कितना नुकसान हुआ है ; और

(ख) उनको मुआवजा देने के लिये शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) और (ख): एक बिस्तर, एक एयर बैग जिसमें श्रृंगार का सामान रखा हुआ था और चमड़े का एक सूटकेस गुम हो जाने की शिकायत की गयी थी जिसके बारे में पश्चिम रेलवे जांच कर रही है ।

दिल्ली दुग्ध योजना

१५७१. श्री कछवाय : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दुग्ध योजना हर साल कुल कितना दूध इकट्ठा करती है ;

(ख) उसमें से कितना दूध पीने के लिये बेचा जाता है ; और

(ग) यह दूध कुल कितने गांवों से आता है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री अ० म० थामस): (क) दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा १९६२ में निम्न मात्रा में दूध इकट्ठा किया गया :—

	मन
भैंस .	१०,६८,०९५
गाय .	४५,७२८

(ख) १९६२ में तरल खपत के लिये बेचे गये दूध की मात्रा निम्न है :—

	मन
भैंस	८,६०,४८०
गाय .	४४,६१८
टोंड .	२,०४,३०६

(ग) यह दूध राजस्थान को छोड़कर योजना द्वारा स्थापित किये गये मिल्क कलेकशन तथा चिलिंग केन्द्रों तथा उनके सहायक असेम्बलिंग केन्द्रों से आता है, न कि सीधा गांवों से । अतः इस बात का पता नहीं कि दूध कितने गांवों से आता है ।

सिरोज-टोंक रेलवे लाइन

**१५७२. { श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री केसर लाल :**

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राजस्थान में चौथ के बखाड़ा स्टेशन के पास सिरोज से टोंक तक २० मील लम्बी रेलवे लाइन बनाने की कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस का सर्वेक्षण हो चुका है ; और

(ग) यदि नहीं, तो कब तक करने का विचार है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) :

(क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता ।

Radars for Airports

1573. Shri P. C. Borooah: Will the Minister of Transport and Communications be pleased to state:

(a) whether precision approach radars are proposed to be introduced at certain important airports with greater density of traffic;

(b) if so, on which airports;

(c) from where the requisite equipment is sought to be acquired; and

(d) the steps so far taken in the implementation of the scheme?